HCS (Ex.) 2009

Code - 25

विषय : हिन्दी और हिन्दी निबन्ध

निर्धारित समय : 3 घंटे मात्र

कुल अंक : 100 अंक मात्र

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1- हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (अंक 15)

The caste system as a tradition has grown and developed through many centuries. It is firmly rooted in the Indian social structure. The maintenance of the caste system was backed by the religious theory of Karma. According to this theory man reaps the cumulative fruit of his good and evil deeds through births and rebirths. The birth of an individual in a particular caste is based on his actions in his past life. Out of this system has grown the greatest social evil that India has ever faced untouchability.

2- पत्र कितने प्रकार के होते हैं ? उनकी विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । (अंक 10)

अथवा

टेलीफोन विभाग की लापरवाही के संबंध में महाप्रबंधक (क्षेत्रीय) को पत्र लिखिए।

3- निम्नलिखित अवतरण का सार एक - तिहाई शब्दों में लिखिए : (अंक 10)

जो वस्तु जितनी ध्वंसकारिणी होती है, उसमें सर्जन-शक्ति भी उतनी ही छिपी रहती है। समाचार-पत्र जहाँ पल-भर में किसी भी राजसत्ता को ध्वंस कर सकता है, वहाँ उसमें यह शक्ति भी है कि वह किसी नवोदित राष्ट्र का सुघड़ सर्जन भी कर सके। समाचार-पत्र की शक्ति के इस पहलू को समझने के लिए हमें प्रथम यह देखना है कि राष्ट्र - निर्माण के लिए किन शक्तियों, प्रवृत्तियों और अवयवों की आवश्यकता है। देखा यह गया है कि तानाशाही कभी भी किसी चिरंतन व्यवस्था-युक्त राष्ट्र का निर्माण नहीं कर पाई है। स्वाभाविक बात है कि समाज के निर्माता जिन निर्माणकारी हितों को पहचान सकते है, साधारण जनता उन्हें उतनी

शीघ्रता से नहीं पकड़ पाती। जन साधारण की इसी दीर्घ सूत्रता से निराश होकर महानुभाव सुधारों को जबरदस्ती लाद कर राष्ट्र - निर्माण करने की योजनाएँ बनाते है। वे निर्माण का सारा उत्तरदायित्व अपने पर ही लेते है। जनशक्ति पर विश्वास न करके, केवल सत्ता के आदेश और शक्ति पर विश्वास करते हैं । ठीक है, राष्ट्र का निर्माण इस नीति से भी होता है, किन्तु वह बहुत ही अस्थायी और अस्वाभाविक होता है, क्योंकि निर्माण का भार सँभालने वाली मूलशक्ति जनमानस हुआ करती है। तानाशाह जनमानस के जागरण को कोई महत्व नहीं देता। उसका निर्माण ऊपर से चलता है, किन्तु यह लादा हुआ भार-स्वरुप निर्माण हो जाता है। सच्चा राष्ट्र - निर्माण वह है, जो जनमानस की तैयारी पर आधारित रहता है।

4- सरल हिन्दी में व्याख्या कीजिए: (अंक 5)

(क) सतगुर की महिमा अनँत, अनँत किया उपगार।
लोचन अनँत उघाड़िया, अनँत दिखावण हार।।

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै बन माँहि।
ऐसै घटि घटि राम हैं, दुनियाँ देखै नाँहि।।

अथवा

समय की शिला पर मधुर चित्र कितने
किसी ने बनाये, किसी ने मिटाये।
किसी ने लिखी आँसुओं से कहानी,
किसी ने पढ़ा किन्तु दो बूँद पानी।
इसी में गये बीत दिन जिन्दगी के
गयी धुल जवानी, गयी मिट निशानी।
विकल सिंधु से साध के मेघ कितने
धरा ने उठाये, गगन ने गिराये।

(ख) सामाजिक समरसता और नैतिकता की बात भी चरम लक्ष्य नहीं हो सकती। जब तक व्यक्ति के हृदय का संवाद उसके साथ न हो, तब तक वह आरोपित रहेगी, तब तक उसमें सहज करुणा और विश्वव्यापी प्यार का भाव नहीं उमड़ेगा । भारतीय दर्शन आत्ममंथन आत्मचिंतन पर इसी से बहुत बल देते हैं। (अंक 5)

अथवा

जो लोग संस्कृति को परम्परानुगत वंश-संस्कार मानकर, अभिजात्य को संस्कृति का द्योतक मानते है वे ज्ञान, विवेक, अनुभव परिष्कार आदि को भी कुलीनता से सम्बद्ध समझते है किन्तु दूसरे वर्ग के लोग संस्कृति और

वंश-परम्परा का ऐसा अटूट सम्बन्ध नहीं मानते। संस्कृति, व्यक्ति, विशेष के द्वारा विकसित और अर्जित की जाती है अतः कुल, वंश, जन्म, संस्कार आदि के साथ उसका अविच्छिन्न सम्बन्ध नहीं माना जा सकता।

5- निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक (विलोम) शब्द लिखिए: (अंक 5)

(i) अथ
(ii) अपेक्षा
(iii) अनिवार्य
(iv) विधि
(v) ठोस
(vi) क्षणिक
(vii) कटु
(viii) कृतज्ञ
(ix) आगामी
(x) निर्मल

6- निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए: (अंक 5)

(i) परिवारिक
(ii) छत्र छाया
(iii) प्रदर्शिनी
(iv) हस्ताक्षेप
(v) तत्कालिक
(vi) अध्यन
(vii) अनुछेद
(viii) कृप्या
(ix) धनिष्ट
(x) सीधा-साधा

7- निम्नलिखित कहावतों / मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए: (अंक 5)

(i) अंधेरे घर का उजाला ।
(ii) एक लाठी से हाँकना ।

(iii) कान कतरना ।

(iv) पानी में आग लगाना ।

(v) चाँद पर थूंकना ।

8- निम्नलिखित युग्मों में दिये हुए शब्दों का अपने बनाये वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि दोनों का पारस्परिक अन्तर यथासम्भव स्पष्ट हो जाये: (अंक 5)

(i) द्रव - द्रव्य

(ii) इतर - इत्र

(iii) ओर - और

(iv) जरा - ज़रा

(v) प्रणय - परिणय

9- (अ) निम्नलिखित वाक्यांशो के लिए एक-एक शब्द लिखिए: (अंक 21/2)

(i) जिसका दमन न हो सके।

(ii) जिसके समान कोई दूसरा न हो।

(iii) जिस पर मुकदमा चल रहा हो।

(iv) जो छिपाने योग्य हो।

(v) सदा रहने वाला।

(ब) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए: (अंक 21/2)

(i) परोपकार

(ii) सत्याग्रह

(iii) कवीन्द्र

(iv) हरीश

(v) गजानन

10- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में निबन्ध लिखिए: (अंक 30)

(i) दूरदर्शन का भारतीय समाज पर प्रभाव

(ii) हमारी शिक्षा प्रणाली एवं व्यवसाय

(iii) आरक्षण - उचित या अनुचित

(iv) पंद्रहवीं लोकसभा एवं युवा शक्ति

(v) अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद